# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 26 August 2026


## 69वीं स्कूल नेशनल जूडो मे सौरभ ने बढ़ाया राजस्थान का मान

राजेश चौधरी

Published on 28 Jan 2026



राजेश चौधरी | जयपुर | समाचार वाणी न्यूज़

जिले की उप तहसील **छानी बड़ी** के लिए गर्व का क्षण उस समय आया जब **ब्राइट चिल्ड्रन स्कूल, छानी बड़ी** के होनहार खिलाड़ी **सौरभ** ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए **69वीं स्कूल नेशनल जूडो प्रतियोगिता** में **स्वर्ण पदक** अपने नाम किया।

यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता **24 जनवरी 2026 से 26 जनवरी 2026** तक **इम्फाल (मणिपुर)** में आयोजित हुई, जिसमें सौरभ ने **66 किलोग्राम भार वर्ग** में शानदार मुकाबले जीतकर **गोल्ड मेडल** हासिल किया। साथ ही उनका चयन **खेलो इंडिया** के लिए भी हुआ है, जिससे गांव, विद्यालय, क्षेत्र और पूरे राजस्थान का नाम रोशन हुआ है।

### कड़ी मेहनत और अनुशासन का परिणाम

सौरभ की यह उपलब्धि उसकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम मानी जा रही है। जूडो कोच **श्री वेद कुलड़िया** ने बताया कि सौरभ इससे पूर्व भी राष्ट्रीय स्तर पर **एक स्वर्ण और एक रजत पदक** जीत चुका है, जो उसकी निरंतर प्रगति को दर्शाता है।

### छानी बड़ी जूडो सेटंर की 23वीं राष्ट्रीय उपलब्धि

भगवान की कृपा और खिलाड़ियों की अथक मेहनत से **छानी बड़ी जूडो सेटंर** को **23वीं बार नेशनल स्तर पर पदक** जीतने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। कोच वेद कुलड़िया ने बताया कि छानी बड़ी जूडो सेंटर आज न केवल प्रदेश बल्कि देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।

### कोच और संघ का अहम योगदान

राजस्थान जूडो टीम ने **कोच राहुल जी, राजेश सिहाग, बनवारी जी** एवं अन्य सहयोगी स्टाफ के नेतृत्व में प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही **जिला जूडो संघ के सचिव श्री विनीत बिश्नोई** के मार्गदर्शन में पिछले 10 वर्षों में खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय ही

नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किया है।

**बधाइयों का तांता**

सौरभ की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, जूडो सेंटर, कोचिंग स्टाफ और क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसे उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.